कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/संस्था–एफ–1ए/विविध/18 दिनांक – 15/10/2018

समस्त संयुक्त निदेशक संभाग

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय

विषय :– माध्यमिक शिक्षा विभाग में लम्बित द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी अध्यापक स्थानान्तरण प्रकरणों की सूचना भिजवाने के सम्बन्ध में ।

सन्दर्भः– शासन का पत्रांक प.7(1)शिक्षा–2/डीईओ–स्था/2018 दिनांक 15/10/2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत शासन के सन्दर्भित पत्र की प्रति संलग्न प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि विभिन्न प्रतिनियुक्ति /स्थानान्तरण/नव पदस्थापन सम्बन्धी कियान्विति से शेष प्रकरणों की वांछित शिथलन प्राप्त किये जाने हेतु वरिष्ठ अध्यापक (अन्तर मण्डल/अन्तः मण्डल) एवं तृतीय श्रेणी अध्यापक (अन्तर जिला/अन्त जिला) के जारी स्थानान्तरण आदेशों में कार्यग्रहण नहीं करने वाले (कार्यालय में पदस्थापन की प्रतिक्षा में उपरिथति दे रहे) कार्मिकों की संख्या, सूची सहित निम्नांकित प्रपत्र में आज ही इस अनुभाग की मेल आई Email- ad.esttf.dse@rajasthan.gov. पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चत करावें ताकि सूचना शासन को उपलब्ध करवाई जा कर निर्वाचन विभाग से वांछित शिथिलन प्राप्त किया जा सकें ।

स्थानान्तरण के सम्बन्ध में सूचना

क.सं.	नाम कार्मिक	पद मय विषय	पदस्थापन स्थान	स्थानान्तरित स्थान	कार्यग्रहण नहीं करने का कारण

नोटः– वरिष्ठ अध्यापकों के लिए अन्तर मण्डल एवं अन्त मण्डल के लिए पृथक पृथक से सूचना प्रेषित करावें एवं तृतीय श्रेणी अध्यापकों के लिए अन्तर जिला एवं अन्तः जिला के लिए पृथक–पृथक से सूचना एंव सूची उपलब्ध करावें ।

प्रतिनियुक्ति प्रकरणों के सम्बन्ध में सूचना

क.सं.	नाम कार्मिक	पद मय विषय	पदस्थापन स्थान	प्रतिनियुक्ति स्थान	कार्यग्रहण नहीं करने का कारण

सीधी भर्ती से नवपदस्थापित कार्मिकों के प्रकरणों के सम्बन्ध में सूचना

क.सं.	नाम कार्मिक	पद मय विषय	पदस्थापन स्थान	कार्यग्रहण नहीं करने का कारण

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर।

प्रतिलिपिः–

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (गुप–2) विभाग को उनके सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित है ।

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर।

www.rajteachers.com

कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर ।
Email- ad.esttf.dse@rajasthan.gov.in Contact-0151-2522238

:: अति–आवश्यक ::

राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांक : प. 7(1) शिक्षा–2/डीईओ–स्था./2018 जयपुर, दिनांक : 15.10.18

JD(P)/JD(T) f-Section
15/10/2018

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर।

विषय : माध्यमिक शिक्षा विभाग में लम्बित विभिन्न स्थानान्तरण/पदस्थापन प्रकरणों की सूचना भिजवाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : निर्वाचन विभाग, राजस्थान सरकार का पत्रांक एफ.3(1)(9)I/निर्वा/2018/7564 दिनांक 13.10.2018

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र की छायाप्रति प्रेषित कर निर्देशानुसार लेख है कि सन्दर्भित पत्र द्वारा दिनांक 13.10.2018 को जारी दिशा–निर्देशों के क्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग में लम्बित विभिन्न नवपदस्थान/स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति सम्बन्धी क्रियान्विति से शेष प्रकरणों की अद्यतन सूचना से दिनांक 16.10.2018 को प्रातः 11:00 बजे तक आवश्यक रूप से अवगत कराने का श्रम करावें। ताकि निर्वाचन विभाग से वांछित शिथिलन प्राप्त किया जा सकें :–

1. वरिष्ठ अध्यापक–विभिन्न विषय प्रतियोगी परीक्षा–2016 से नवचयनित आशार्थियों के जारी नियुक्ति आदेशों में से कार्यग्रहण करने वाले एवं कार्यग्रहण से शेष आशार्थियों की संख्या।(सूची सहित)
2. जिला शिक्षा अधिकारी एवं समकक्ष पदों पर पदोन्नति/स्थानान्तरण से पदस्थापित शिक्षा अधिकारियो में से कार्यग्रहण नहीं करने वाले अधिकारियों की संख्या, सूची सहित।
3. एकीकृत शिक्षा संकुलो की स्थापना से नवसृजित पदों पर वॉक–इन–इन्टरव्यू से प्रतिनियुक्ति हेतु चयनित कार्मिको में से कार्यग्रहण नहीं करने वाले कार्मिकों की संख्या, सूची सहित।
4. प्रधानाचार्य, प्राध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक, तृतीय श्रेणी एवं अध्यापक एवं अन्य कार्मिकों के जारी स्थानान्तरण आदेशों में कार्यग्रहण नहीं करने वाले कार्मिकों की संख्या, सूची सहित।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय

15.10.18

(कमलेश आबुसरिया)
शासन उप सचिव

www.rajteachers.com

Scanned by CamScanner